उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा-मण्डल, लखनऊ

21/467, रिंग रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016

संख्या- 817 /मण्डल/ परीक्षा/A-2/G.R./2026

दिनांक- 28, नवम्बर 2026

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा-मण्डल, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- A-2/G.R./2026 दिनांक-14.04.2026 "सम्मिलित सहकारी बैंकिंग, नॉन बैंकिंग तथा तकनीकी सेवा परीक्षा (सामान्य चयन)- 2026" के अन्तर्गत विभिन्न सहकारी संस्थाओं के साथ-साथ उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियन्ता (सिविल) (श्रेणी-2) के 20 पदों, सहायक अभियन्ता (विद्युत) (श्रेणी-2) के 2 पदों एवं उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियन्ता (सिविल) (श्रेणी-2) के 12 पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये थे तथा उक्त विज्ञापित पदों का लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षित पदों का विवरण सेवा-मण्डल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के सापेक्ष मुख्य परीक्षा सहायक अभियन्ता (विद्युत) (श्रेणी-2) पद हेतु दिनांक 17.09.2026 एवं सहायक अभियन्ता (सिविल) (श्रेणी-2) पद हेतु दिनांक 18.09.2026 को आयोजित की गयी थी।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड एवं उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड के नियन्त्रणाधीन सहायक अभियन्ता (सिविल) (श्रेणी-2) के 32 रिक्त पदों पर चयन के लिए मुख्य परीक्षा के स्कोर के आधार पर सहायक अभियन्ता (सिविल) (श्रेणी-2) के विज्ञापित कुल 32 पदों के सापेक्ष 120 अभ्यर्थियों एवं उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के नियन्त्रणाधीन सहायक अभियन्ता (विद्युत) (श्रेणी-2) के 2 रिक्त पदों पर चयन के लिए मुख्य परीक्षा के स्कोर के आधार पर सहायक अभियन्ता (विद्युत) (श्रेणी-2) के विज्ञापित कुल 2 पदों के सापेक्ष 6 अभ्यर्थियों को चयन के अगले चरण साक्षात्कार परीक्षा हेतु पात्र पाया गया है।

उक्त परीक्षा परिणाम मा० न्यायालय में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित रिट याचिकाओं/विशेष अपीलों (यदि कोई हो) में पारित होने वाले निर्णयादेशों के अधीन होगा।

सहायक अभियन्ता (सिविल) (श्रेणी-2) एवं सहायक अभियन्ता (विद्युत) (श्रेणी-2) पद हेतु साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को सेवा-मण्डल की वेबसाइट https://upcisb.upsdc.gov.in तथा उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी व मोबाइल नम्बर पर SMS के माध्यम से पृथक से सूचित किया जायेगा।

यह अन्तिम परिणाम नहीं है। विज्ञापन के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार साक्षात्कार परीक्षा के पश्चात् अन्तिम परीक्षा परिणाम सेवा-मण्डल की वेबसाइट https://upcisb.upsdc.gov.in पर यथासमय प्रकाशित किया जायेगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सेवा-मण्डल की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत उक्त पद हेतु मुख्य परीक्षा का परिणाम उक्तानुसार घोषित करते हुए सेवा-मण्डल की वेबसाइट https://upcisb.upsdc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी सेवा-मण्डल की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध रिजल्ट सेक्शन में जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

(आलोक कुमार सिंह)
सचिव